भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 391
उत्तर देने की तारीख -21/07/2026

एडीआईपी योजना के अंतर्गत एक वितरण शिविर का आयोजन

391.श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायता और सहायक उपकरणों के निःशुल्क वितरण के लिए ''सहायक यंत्रों/सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता की योजना'' (एडिप योजना) और राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के अंतर्गत महाराष्ट्र के बीड जिले मे एक वितरण शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव की वर्तमान की स्थिति क्या है और वितरण शिविर के आयोजन में विलंब, यदि कोई हो, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या बीड जिले के सभी ग्यारह तालुकों में मूल्यांकन शिविर आयाजित किए गए थे और यदि हां, तो उक्त दोनों योजनाओं के अंतर्गत कितने लाभार्थियों की पहचान की गई है और सहायता तथा सहायक उपकरणों का अनुमानित मूल्य कितना है;

(घ) क्या सरकार का यथाशीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने और वितरण शिविर आयोजित करने का विचार है; और

(ङ) बीड जिले में एडिप और आरवीवाई योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को सहायता और सहायक उपकरणों के वितरण के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क) और (ख) : दिव्यांगजनों को सहायक यंत्रों और उपकरणों की खरीद/फिटिंग की सहायता (एडिप) योजना के तहत किसी भी कार्यान्वयन एजेंसी से जिला बीड, महाराष्ट्र में शिविर आयोजित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, श्री बजरंग मनोहर सोनवणे, माननीय संसद सदस्य (लोक सभा) की ओर से एडिप योजना और राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के तहत जिला बीड, महाराष्ट्र में एक शिविर आयोजित करने का अनुरोध प्राप्त हुआ है।

(ग) : भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा जिला बीड, महाराष्ट्र के सभी ग्यारह ताल्लुकों में एडिप योजना और आरवीवाई के अंतर्गत मूल्यांकन शिविर आयोजित किए गए थे। किए गए मूल्यांकनों के आधार पर, एडिप योजना के तहत 1816 पात्र लाभार्थियों और आरवीवाई के तहत 1419 पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई, जिनमें क्रमशः 188.09 लाख रूपए और 117.43 लाख रूपए की अनुमानित लागत शामिल है।

(घ) और (ङ) : एलिम्को ने जिला मजिस्ट्रेट, बीड से वितरण शिविर आयोजित करने के लिए आवश्यक स्थानीय व्यवस्थाओं और समन्वय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है।

****